गांवों में भी होगा कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के लिए आवश्यक रासायनिक छिड़काव उपमुख्यमंत्री

District : dipr
Department :
VIP Person : General
Press Release
State News
Attached Document :
RK-26-03-2020-1.doc (http://103.203.138.54/news/205453/document/RK-26-03-2020-1.doc)

DESCRIPTION

गांवों में भी होगा कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के लिए आवश्यक रासायनिक छिड़काव उपमुख्यमंत्री

जयपुर, 26 मार्च। उप मुख्यमंत्री श्री सचिन पायलट ने ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना संक्रमण के बचाव के लिए ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के समस्त अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां किए जाने के निर्देश दिये।

श्री पायलट ने बताया कि प्रदेश की समस्त ग्राम पंचायतों को सार्वजनिक स्थानों एवं भवनों में सोडियम हाइपोक्लोराइट का छिड़काव करने हेतु आवश्यक स्वीकृतियां जारी करने की अनुमति भी प्रदान की गई है। इस प्रकार का छिड़काव अब तक नगरीय क्षेत्रों में ही कराया जा रहा है।

श्री पायलट ने बताया कि सोडियम हाइपोक्लोराइट के छिड़काव से ग्रामीण क्षेत्रों में भी कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोकने में मदद मिल सकेगी।

- - -

SUPPORTING IMAGES

Copyright © 2016 Information and Public Relations Department. All Right Reserved.